हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 30 जुलाई 2025

04 बारिश में हाथों में तख्तियां लेकर भोपाल के लिए...



07 मूसलाधार बारिश के बीच धूमधाम से निकली...





**खबर संक्षेप**

### खेल पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** खेल पुरस्कार-2025 (एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाषजोशी एवं लाईफटाईम एचीवमेंट पुरस्कार) हेत ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई, 2025 तक आमंत्रित किये गए है। पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग, म.प्र. शासन के नवीन ₹पुरस्कार नियम-2021' के अनुसार विगत 05 वर्षों (01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च, 2025) में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किये जाएगे। साहसिक खेल (समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित) हेतु विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। पुरस्कार हेतु पात्रता, पुरस्कार राशि व अन्य शर्त विभागीय वेवसाइट www.dsyw.mp.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदक विभागीय वेबसाइट पर दी गई लिंक से या सीधे https://anudan.dsywmp.gov.in तथा प्ले स्टोर से खेल और युवा कल्याण के ₹Anudan₹ App Download करके भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदक को ऑनलाईन आवेदन करने के उपरांत आवेदन की प्रति (जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो) के साथ खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेख की छाया प्रति संबंधित जिले के जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय/संचालनालय, खेल और युवा कल्याण, टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में 31 जुलाई, 2025 तक जमा करना अनिवार्य होगा।

### लगातार हो रही बारिश के चलते कलेक्टर ने स्कूलों में दो दिन का अवकाश किया घोषित

# ऑरेंज अलर्ट : चरनाल-कुरावर और सीहोर-दोराहा मार्ग का कटा संपर्क, कुलांस खतरे के निशान से ऊपर

**मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटे में 8 इंच से अधिक बारिश होने की संभावना जताई है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हो रहा प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में मंगलवार की सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा है और झमाझम बारिश का सिलसिला थमा नहीं है। इस लगातार बारिश के कारण जिले की प्रमुख कुंलास नदी खतरे के निशान से एक फीट ऊपर बह रही थी। इधर, कुंलास नदी के पूर होने से सबसे नजदीकी गांव रामाखेड़ी तक पानी आ जाने से की खेतों में पानी भर गया है, वहीं गांव के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

मौसम विभाग ने जिले में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है और बताया कि आगामी 24 घंटों के भीतर 4 से 8 इंच तक बारिश की संभावना है। लगातार बारिश के चलते छोटे-छोटे नदी-नाले भी उफान पर हैं और जनजीवन प्रभावित होने लगा है।

### स्कूलों और आंगनबाड़ी में दो दिन का अवकाश घोषित

तेज बारिश और संभावित आपदा की आशंका को देखते हुए कलेक्टर बालागुरु के. ने 29 और 30 जुलाई को जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई स्कूलों, आंगनवाड़ी और प्ले स्कूलों में दो दिन की छुट्टी घोषित कर दी है। जो विद्यालय मंगलवार को खुल भी गए थे, उन्हें भी निर्देश दिया गया कि वे विद्यार्थियों को सुरक्षित घर भेजने की व्यवस्था करें।

### मौसम विभाग का पूर्वानुमान,48 घंटे तक जारी रह सकती है बारिश

आरएके कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक एसएस तोमर ने बताया कि जिले में अगले 48 घंटों तक मौसम का यही मिजाज बना रहेगा। घने बादल छाए हुए हैं और कई जगह भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। मंगलवार सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक दो इंच औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है। अब तक जिले में इस मानसून में कुल 25 इंच (625.2 मिमी) बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले साल की तुलना में अधिक है और मानसून की अच्छी शुरुआत मानी जा रही है। मानसून की शुरुआत से अब तक बुधनी में सबसे ज्यादा 856.0 मिमी, रेहटी में 814.8 मिमी, भैरूंदा में 582.0 मिमी, श्यामपुर में 574.1 मिमी, और इछावर में 528.3 मिमी बारिश हो चुकी है। प्रशासन की चेतावनी, जलमग्न रास्तों और पुलों से न गुजरें कलेक्टर बालागुरु के. ने नागरिकों से अपील की है कि जिन पुल-पुलियों, रपटों या रास्तों पर पानी बह रहा है, वहां से कतई न गुजरें। बहुत आवश्यक हो तभी घर से निकलें और केवल सुरक्षित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें। प्रशासन द्वारा ऐसे संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा प्रबंधन की टीमें अलर्ट पर हैं, और आमजन को किसी भी संकट की स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने को कहा गया है।



**सीहोर।** कुंलास नदी उफान पर, खतरे के निशान से एक फीट ऊपर



**सीहोर।** करबला पुल पर पानी होने से दोनों तरफ बेरिगेटिंग की गई है।

**चरनाल-कुरावर मार्ग करीब 8 घंटे बंद रहा**



**सीहोर।** चरनाल ग्राम के रपटे के उपर पानी आने के कारण चरनाल-कुरावर मार्ग करीब 8 घंटे बंद रहा।

### कहां कितनी बारिश हुई क्षेत्रवार आंकड़े

जिले के वर्षामापी केंद्रों से मिले आंकड़ों के अनुसार मंगलवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में बारिश इस प्रकार दर्ज की गई। बुधनी 42 मिमी, रेहटी 39 मिमी, श्यामपुर 33 मिमी, भैरूंदा 18 मिमी, इछावर 17 मिमी, सीहोर 14 मिमी, जावर 5 मिमी, आष्टाः 4 मिमी

### सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

जिला प्रशासन और मौसम विभाग की संयुक्त चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे सतर्क रहें, अफवाहों से दूर रहें और किसी भी परिस्थिति में जोखिम न उठाएं। बारिश अभी थमी नहीं है, इसलिए अगले दो दिन और भी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं।



खबर संक्षेप

### स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता की जाए समाप्त:निशांत वर्मा



सीहोर। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रोरेट कार्यलय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर निशांत वर्मा ने कहा कि सीहोर जिले में कुछ प्राईवेट कंपनियो द्वारा शासन की बिना अनुमति से स्मार्ट मीटर जबरजस्ती घरो में लगाये जा रहे है, जो कि व्यक्ति की लोकतांत्रिक अधिकारो के प्रतिकूल है। उक्त स्मार्ट मीटरों का देश के नागरिकों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है, क्योंकि यह स्मार्ट मीटर खपत से अधिक बिल दे रहे हैं। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भी इस प्रकार के स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता को समाप्त कर निर्णय दिया है कि जब तक उचित उपभोक्ता सुरक्षा, बिलिंग पादर्शिता और त्रुटिसुधार तंत्र लागू ना हो जाते तब तक इनकी अनिवार्यता समाप्त की जाये। निशांत वर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई है कि उक्त मामले को संज्ञान लेते हुए मध्यप्रदेश में भी इस प्रकार के स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता को समाप्त की जावे। संगठन प्रभारी राजाराम बड़े भाई ने ज्ञापन का वाचन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, संगठन मंत्री गणेश तिवारी, सीताराम भारती, डॉ. अनीस खान, विवेक राठौर, मुकेश राठौर, मांगीलाल टिमरई, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, तुलसी राजकुमार राठौर, चिनु ठाकुर, अशरफ अली, कपिल गौर, कमलेश चाण्डक, विवेक टाँक, राजु कौशल, शेखर कौशल, बबलु कौशल, कार्तिक, विनोद दुबे, आर्यन, मयंक, लखन, राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खातेगांव से भोपाल की ओर बढ़ी आदिवासी अधिकारों की लड़ाई, कांग्रेस पार्टी का समर्थन

# बारिश में हाथों में तख्तियां लेकर भोपाल के लिए निकले आदिवासी, दो माह का बच्चा बना न्याय यात्रा का साक्षी

खिवनी अभ्यारण्य विस्तार के नाम पर प्रशासन ने आदिवासियों के घरों पर बुल्डोजर चलाकर उजाड़ दिया, उनके घर भारी बारिश के बीच तोड़े गए, लेकिन आज तक न किसी को मुआवजा मिला, न ही कोई आवास।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा






देवास जिले की खातेगांव विधानसभा के खिवनी गांव से निकली आदिवासी बचाओ, अधिकार दिलाओ पदयात्रा मंगलवार को सीहोर जिले के भैरूंदा नगर पहुंची। भारी बारिश और विषम परिस्थितियों के बीच यह संघर्षपूर्ण यात्रा आदिवासी समुदाय के अधिकारों और न्याय की मांग को लेकर आगे बढ़ रही है। इस पदयात्रा का नेतृत्व कांग्रेस नेता राहुल इनानिया कर रहे हैं, भैरूंदा क्षेत्र के कांग्रेस नेता का समर्थन मिल रहा है जिसमें 100 से अधिक आदिवासी महिलाएं, छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हैं।

पदयात्रियों का यात्रा के दौरान स्थानीय कांग्रेस नेता के साथ साईं पेलेस में संवाद करते हुए राहुल इनानिया ने सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि खिवनी अभ्यारण्य विस्तार के नाम पर प्रशासन ने आदिवासियों के घरों पर बुल्डोजर चलाकर उजाड़ दिया, उनके घर भारी बारिश के बीच तोड़े गए, लेकिन आज तक न किसी को मुआवजा मिला, न ही कोई आवास।

### कांग्रेस की चेतावनी, पदयात्रा में भोपाल तक प्रशासन न करे हस्तक्षेप


जब तक आदिवासियों को जमीन के पट्टे नहीं दिए जाते और मकान नहीं बनाए जाते, तब तक यह यात्रा जारी रहेगी। यदि भोपाल में भी हमारी आवाज नहीं सुनी गई, तो हम दिल्ली तक पदयात्रा करेंगे। प्रशासन को सख्त चेतावनी भोपाल तक प्रशासन रोकने की कोशिश न करें कांग्रेस पार्टी का पूरा समर्थन हैं। उन्होंने यह भी मांग रखी कि जिन वन विभाग के अधिकारियों ने अमानवीय तरीके से आदिवासियों के घर तोड़े हैं, उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए और पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर उपलब्ध कराए जाएं।

राहुल इनानिया ने यह स्पष्ट किया कि यह यात्रा सिर्फ पैदल चलने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि जल, जंगल और जमीन की लड़ाई है, जिसे आदिवासी समुदाय पिछले कई दशकों से लड़ता आ रहा है। उन्होंने कहा यह सिर्फ पदयात्रा नहीं, बल्कि हक और सम्मान की लड़ाई है। बीजेपी सरकार और प्रशासन गरीब आदिवासियों के अधिकार छीनने में लगे हैं। अब समय है कि इन आवाज़ों को दबाया नहीं जा सकेगा। भैरूंदा में इस यात्रा को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी समर्थन मिला। पदयात्रा के स्वागत और जनसंपर्क कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल, शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष भैरूंदा देवी सिंह थारोल, गोपाल शर्मा, संतोष, शर्मा कक्का, संजय पटेल, हवेली अजय पटेल, राजकुमार पटेल, राजेश पटेल, सहित बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भैरूंदा नगर के प्रमुख मार्गों से यात्रा निकाली यात्रा के दौरान बच्चों और महिलाओं जिन्होंने नारेबाज़ी करते हुए सरकार से अपने हक की मांग दोहराई। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सरकार इस संघर्षशील पदयात्रा पर क्या रुख अपनाती है। क्या आदिवासियों की यह आवाज़ सत्ता के गलियारों तक पहुंचेगी, या एक बार फिर उन्हें सिर्फ आश्वासन देकर लौटा दिया जाएगा।

### पुरस्कार योजना प्रविष्टि की अंतिम तिथि कल

सीहोर। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी ने क्रिएटिव इनिशिएटिव का शुभारंभ करते हुए एक शानदार 'लोगो' डिज़ाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह पहल पोर्टल के माध्यम से जन-भागीदारी को प्रेरित करने और कंपनी की शहरी सुधार योजनाओं, शहरों में सीवरेज, जलापूर्ति और अन्य अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के प्रति जागरूकता व पहचान को बढ़ावा देने के लिये की गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आम नागरिकों को पोर्टल पर अपना मौलिक डिजाइन **JPG/PNG** फॉर्मेट में अपलोड करना होगा।

### बुधनी रेलवे लाइन की पहाड़ी पर दिखा तेंदुआ



सीहोर के बुधनी क्षेत्र में प्रकृति का आनंद लेने गए लोगों को एक अनोखा नजारा देखने को मिला। तालपुरा के तीसरी रेलवे लाइन के ऊपर पहाड़ी पर एक तेंदुआ आराम करता दिखाई दिया। तेंदुए को देखकर लोग हैरान रह गए और कई लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में उसे कैद कर लिया। मृगन्नाथ बाबा के नाम से प्रसिद्ध इस स्थल पर तालपुरा की तीसरी रेलवे लाइन के ऊपर स्थित पहाड़ी पर एक तेंदुआ आराम फरमाता हुआ दिखाई दिया। प्रकृति का आनंद लेने आए पर्यटकों के लिए यह एक अविस्मरणीय क्षण बन गया, जब उन्होंने इस शानदार वन्य प्राणी को अपनी आंखों के सामने देखा। घटना की विशेष बात यह रही कि तेंदुआ बिल्कुल शांत था और उसने किसी भी तरह का आक्रामक व्यवहार नहीं दिखाया। कई पर्यटकों ने इस अनूठे क्षण को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बुधनी के एसडीओ सुकृति ओसवाल ने इस घटना की पुष्टि करते हुए एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बुधनी वन परिक्षेत्र रातापानी अभ्यारण से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण यहां शेर, तेंदुए, भालू जैसे वन्य जीवों का आना-जाना लगा रहता है। यह क्षेत्र वन्य जीवों के लिए एक प्राकृतिक गलियारे के रूप में कार्य करता है। इस घटना के बाद वन विभाग ने एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना जारी की है। विभाग ने लोगों से आग्रह किया है कि वे वन क्षेत्र में बिना उचित अनुमति के प्रवेश न करें। साथ ही, अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास में अनावश्यक हस्तक्षेप से बचें।

## चौरसिया समाज ने मनाया नाग पंचमी उत्सव

**सीहोर**। चौरसिया समाज द्वारा नाग पंचमी उत्सव एवं चौरसिया दिवस धूमधाम से उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई।



कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन चौरसिया द्वारा एवं मुख्य अतिथि परम पूज्य भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक द्वारा की गई विशेष अतिथि श्री गौरव चौरसिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय चौरसिया महासभा दिल्ली उपस्थित हुए। सभी अतिथियों का स्वागत के बाद परम पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा जी द्वारा आशीष वचन में चौरसिया समाज की उत्पत्ति का वर्णन किया और बताया गया। अग्रवाल समाज के आप मामा लगते हैं समाज में प्रतिभा की कोई नहीं है आपने बताया प्रतिष्ठित बड़े-बड़े गुटके के व्यापारी चौरसिया बंधु है पर आज आवश्यकता है समाज को एकजुटता में लाने की। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव चौरसिया द्वारा सभी सामाजिक युवाओं को समाज के हित के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। समाज भवन निर्माण के लिए स्वयं एक लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष चौरसिया महासभा की निधि चौरसिया द्वारा समाज की महिलाओं को अधिक से अधिक जिम्मेदारी आगे बढ़कर उठाने की बात कही जिस तरह हम अपने घरों में जिम्मेदारी निभाते हैं इस तरह हमें अपने समाज की भी जिम्मेदारी आगे आकर निभाना होगी इसके बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी इसमें बच्चों द्वारा गढ़वाल घाटी की घटना पर नाटक की प्रस्तुति दी जिसने सभी का मन जीत लिया। समाज के अध्यक्ष मोहन चौरसिया द्वारा स्वागत भाषण और युवा अध्यक्ष लखन चौरसिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम का संचालन शुभम चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ हरि चौरसिया, प्रीतम चौरसिया, शरद चौरसिया, शिव प्रसाद चौरसिया, सत्यनारायण चौरसिया, अखिलेश चौरसिया, जितेंद्र चौरसिया, मनोज चौरसिया, संतोष चौरसिया, मामा चौरसिया, विकास चौरसिया, गणेश चौरसिया, संदीप चौरसिया, धर्मेंद्र चौरसिया, मुकेश चौरसिया, राकेश चौरसिया, हरिओम चौरसिया, ओम प्रकाश चौरसिया, श्रीराम चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, दीपक चौरसिया, लक्ष्मी नारायण चौरसिया, धर्मेंद्र चौरसिया, विनोद पंसारी, नीरज, भगत, रिंकू चौरसिया, नवनीत चौरसिया, चिलु चौरसिया, आनंद चौरसिया, देवेंद्र चौरसिया, पवन चौरसिया, आशीष चौरसिया, नीरज चौरसिया, महिला मंडल, मीरा चौरसिया, भावना चौरसिया, जयश्री चौरसिया, निधि चौरसिया, अंजना चौरसिया, मेघा चौरसिया, सरिता चौरसिया, उषा चौरसिया, अर्चना चौरसिया, क्षमा, भगत, शन्नो चौरसिया, पूजा चौरसिया, अपर्णा चौरसिया, पुष्पा चौरसिया, रानी चौरसिया, लक्ष्मी चौरसिया, रीटा चौरसिया, आंचल चौरसिया, नीलू चौरसिया, सुनीता चौरसिया सहित बड़ी संख्या में समाजगण उपस्थित रहे।

### आज मनाया जाएगा नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर का जन्म दिन, खाटू श्याम संध्या का आयोजन



**सीहोर**। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक दिन पहले युवाओं ने जनप्रिय नेता राठौर के जन्मदिन की खुशी में उनके वजन के बराबर रक्तदान किया गया। मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में पहुंचे समर्थकों ने 100 यूनिट रक्तदान कर सीहोर जिले में युवाओं ने मिसाल पेश की। इसके अलावा बुधवार को शहर के चाणक्यपुरी कृष्णा सेलिब्रेशन गार्डन में भोपाल नाका मित्र मंडली के तत्वाधान में भव्य खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सुबह क्षेत्रवासियों की उन्नति और प्रगति की कामना को लेकर नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा सभी प्राचीन मंदिर के अलावा अन्य स्थानों पर कामना की जाएगी, वहीं सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक बस स्टैंड पर शहर सहित आस-पास के क्षेत्रवासियों से भेंट करेंगे।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नपाध्यक्ष श्री राठौर के जन्मदिन से एक दिन पहले महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सैकड़ों युवाओं ने शामिल होकर रक्तदान दिया। हालात यह थे कि शाम तक रक्तदान करने के लिए युवा कतार में लगे रहे। शाम पांच बजे तक चले इस अभियान में युवाओं के साथ युवतियों ने भी रक्तदान किया। इसके अलावा अनेक स्थानों पर पौधा रोपण आदि का आयोजन भी किया गया।

**आज एक शाम खाटू वाले के नाम** : बुधवार को भोपाल नाका मित्र मंडली के तत्वाधान में नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के जन्म दिन के मौके पर एक शाम खाटू वाले के नाम रात्रि आठ बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें आधा दर्जन से अधिक भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। भजन संध्या में भजन गायिका गुनगुन-गुंजन शाहगंज, शिवम रावल, उत्कर्ष अग्रवाल, अंकुश जैन, रविन्द्र सैनी और अखिलेश महेश्वरी आदि शामिल है।

## सीहोर में चरक जयंती हर्षोल्लास से संपन्न



**सीहोर**। श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़, सीहोर स्थित स्कूल ऑफ आयुर्वेदा एंड सिद्धा स्टडीज़ में 29 जुलाई को चरक जयंती का आयोजन गरिमापूर्ण रूप से किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर, प्राचार्य डॉ. अरुण वानखेडे, उप प्राचार्य डॉ. राजेश मीणा एवं प्रभारी अधिकारी श्री रविशंकर पटले मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन संहिता एवं सिद्धांत विभाग द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. रोहित पाडलकर, डॉ. ज्योति धाकड़ एवं डॉ. मोहम्मद फरहान की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में श्लोक पाठन, पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महर्षि चरक के योगदान को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।



प्रतियोगिता के पश्चात विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता एवं रचनात्मकता को बढ़ावा दिया।

## चर्च मैदान पर अंडर-14 और 18 के स्कूल विद्यार्थियों की ट्रायल

**सीहोर**। शहर के चर्च मैदान पर लगातार निशुल्क रूप से फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी दिनों में जिला फुटबाल प्रतियोगिताओं को लेकर अंडर-14 और अंडर-18 के स्कूल टीमों के गठन के लिए दोपहर साढ़े तीन बजे ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। आन लाइन होने वाली ट्रायल के लिए एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने समिति का गठन किया है। इसमें चार कोच और तीन प्रशिक्षक के अलावा कई सीनियर खिलाड़ी शामिल है।



एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे होने वाली विद्यार्थियों की ट्रायल में शामिल होने वाले इच्छुक जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अंक-सूची के अलावा स्कूल का पहचान पत्र साथ में लाए, ट्रायल के बाद अंडर-14-अंडर-18 की टीम का गठन किया जाएगा। वहीं सोमवार को दो मैच खेले गए, इसमें सीहोर ब्लू ने सीहोर रेड को 2-1 और दूसरे मैच में सीहोर चिल्ड्रन ने मिनी बाइज को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हराया। पहले मुकाबले में सीहोर ब्लू की ओर से अग्रिम-युवराज ने एक-एक गोल किया, इसके अलावा सीहोर रेड की और से एक मात्र गोल कृष्णा ने किया। इधर एक अन्य मैच सीहोर चिल्ड्रन और मिनी बाइज के मध्य खेला गया था। इस एक तरफा मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रन की टीम ने 3-0 से जीत हासिल की। इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से सिद्धांत ने दो गोल और प्रियांश वरिया ने एक गोल किया।

### महाराजा दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव का आयोजन नगर में हुआ

# समाज की तरक्की पुरुषों से नहीं, महिलाओं की उन्नति से होती है : ऋषिका प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री महाराजा दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव का आयोजन नगर में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कुम्हार समाज की छात्रा ऋषिका प्रजापति ने संतराम बीए और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों से की। उन्होंने कहा किसी भी समाज की तरक्की पुरुषों से नहीं, महिलाओं की उन्नति से होती है। बहन-बेटियों को जरूर पढ़ाएं। शिक्षक मुकेश प्रजापति ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से आगे बढ़ने के लिए शिक्षा जरूरी है। प्रोफेसर अनिल प्रजापति ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जाती है। पढ़ा-लिखा विद्यार्थी ही भविष्य में अच्छा नेता, शिक्षक या प्रोफेसर बन सकता है। दक्ष प्रजापति आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति ने कहा कि आजादी के समय संविधान सभा में डॉ. रतनप्पा भरमप्पा और संतराम बीए जैसे महामानवों ने कुम्हार समाज का प्रतिनिधित्व किया। आज हम अपने इतिहास को भूल गए हैं। इसी कारण समाज पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। जब तक हम एक नहीं होंगे, तब तक हमारी ताकत बंटी रहेगी।



**नई कार्यकारिणी की घोषणा हुई**: कार्यक्रम में तहसील स्तर पर प्रजापति समाज की नई कार्यकारिणी की घोषणा हुई। अध्यक्ष विश्राम प्रजापति, उपाध्यक्ष संतोष प्रजापति निमोटा और जितेंद्र प्रजापति बड़नगर, सचिव संदीप प्रजापति, सहायक सचिव संतोष प्रजापति राला, कोषाध्यक्ष महेश प्रजापति बनाए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जगदीश प्रजापति, प्रजापति सेवा समाज समिति के अध्यक्ष होतम सिंह प्रजापति, भंवरलाल सेमरा प्रजापति सहित प्रदेश और जिले के अन्य लोग मौजूद रहे। अच्छे अंक लाने पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया शिक्षिका डाली प्रजापति ने कहा कि बच्चों को दूसरों से बेहतर बनने की दौड़ में न दौड़ाएं। उनकी दौड़ खुद से होनी चाहिए। संचालक संदीप प्रजापति ने स्वरचित कविता के माध्यम से कुम्हार समाज के इतिहास को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा मैं माटी, चका, सुराही, ईंट, आंधी, तूफान, धूप, लपट का सार हूं, मैं कुंभकार हूं, मैं कुंभकार हूं। कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं कक्षा में 75% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## लोक आस्था से जुड़ी दशा माता अब मध्यप्रदेश में भी लोकप्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

गुजरात और राजस्थान के मरुस्थलीय लोक परंपराओं से जुड़ी दशा माता की पूजा अब मध्यप्रदेश में भी लोकप्रिय हो रही है। सीहोर ज़लि के बुधनी में भक्तों ने 24 जुलाई से 2 अगस्त तक दशा माता की स्थापना कर दस दिवसीय व्रत का आयोजन किया है। पूजा से जुड़े लक्की विनोदिया ने बताया कि मोहल्ले में माता के पूजन, रात्रि जागरण, कथा वाचन और भक्ति का माहौल है। 2 अगस्त को भंडारा और 3 अगस्त को शोभायात्रा के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। दशा माता व्रत विशेष रूप से गुरुवार को महिलाएं करती हैं, जिसमें वे पारिवारिक सुख, आर्थिक समृद्धि और संकटों से मुक्ति की कामना करती हैं। श्रीमती मुस्कान विनोदिया सहित कई महिलाएं इस व्रत से जुड़ी हुई हैं। दशा माता की विशेषता यह है कि वे ऊँट पर सवार होती हैं, जो उन्हें दुर्गा, काली या लक्ष्मी जैसी प्रमुख देवी स्वरूपों से भिन्न बनाता है। ऊँट मरुस्थलीय जीवन की कठिनाइयों का प्रतीक है। यह देवी मुख्यतः गृहस्थ जीवन की कठिनाइयों की रक्षक मानी जाती हैं। उनकी दस कथाएं, संकटमोचक कहानियों के रूप में पीढ़ियों से मौखिक परंपरा द्वारा महिलाओं में प्रसारित होती रही हैं। इस व्रत में दस गांठों वाला सूत बांधना, झाड़ू खरीदना, जैसे कई लोकाचार निभाए जाते हैं, जो इसकी सांस्कृतिक गहराई को दर्शाते हैं।



महादेव उत्सव समिति द्वारा हर साल किया जाता है आयोजन

# मूसलाधार बारिश के बीच धूमधाम से निकली भोलेनाथ की पालकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महादेव उत्सव समिति के तत्वाधान में कल सावन के तीसरे सोमवार लगातार 12 वर्ष भोलेनाथ की भव्य पालकी यात्रा का आयोजन करवाया गया। मूसलाधार बारिश भी श्रृद्धालुओं के उत्साह को कम न कर सकी और यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।

स्थानीय शिवजी की छतरी पर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना उपरान्त भगवान भोलेनाथ प्रजा का हाल-चाल जानने नगर भ्रमण के लिए निकले। समिति द्वारा पालकी यात्रा के आयोजन के लिए काफी समय पहले से तैयारियां की जा रही थीं। शिवजी के छतरी से आरंभ हुई यात्रा सब्जी बाजार, मेन मार्केट, नाका नंबर-3 होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान स्थान-स्थान पर श्रृद्धालुओं ने पुष्पवर्षा करते हुए यात्रा में शामिल भक्तजनों का स्वागत अभिनंदन किया।

### इंदौर, उज्जैन के कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन

भगवान भोलेनाथ की इस पालकी यात्रा में इंदौर, उज्जैन से आए कलाकारों की विभिन्न प्रस्तुतियां सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों द्वारा भगवान राधा-कृष्ण, हनुमान एवं मां कालिका की चलित झांकी से समां बांध दिया। यात्रा के समापन उपरान्त सभी भक्तों को प्रसादी का वितरण करवाया गया।

## महाकाल कांवड़ यात्रा जीरापुर ने गुप्तेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक



जीरापुर। जनपद पंचायत स्थित महाकाल मंदिर से आठवीं महाकाल कावड़ यात्रा गुप्तेश्वर महादेव मंदिर माचलपुर के लिए पहुंची। महाकाल कावड़ यात्रा की शुरुआत में मंदिर पर भोलेनाथ महादेव का पुजन अर्चन कर किया गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कावड़ यात्रा महाकाल मंदिर जनपद से प्रातः 9 बजे प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर इंदर चैराहा, माचलपुर नाका से होते हुए लगभग 14 किलोमीटर का सड़क मार्ग तय कर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर माचलपुर पहुंची। जहां गुप्तेश्वर महादेव को जलाभिषेक कर आरती प्रसाद वितरण किया।

### बाबा बैजनाथ की 17वीं विशाल कांवड़ यात्रा समिति की बैठक संपन्न

नगर से बाबा बैजनाथ कावड़ यात्रा समिति के तत्वाधान में बाबा बैजनाथ की 17वीं विशाल कावड़ यात्रा आगामी 02 अगस्त 2025 शनिवार को आगर मालवा स्थित प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ धाम जावेगी। जिसको लेकर समिति द्वारा बैठक कर व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति ने बताया कि जीरापुर से आगर मालवा स्थित बाबा बैजनाथ धाम का जलाभिषेक करने कावड़ यात्रा 02 अगस्त 2025 को सुबह 7 बजे नगर के त्रंबकेश्वर महादेव मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए 03अगस्त को बाबा बैजनाथ महादेव का जलाभिषेक करेंगी।

सावन का तीसरा सोमवार

## शिव की भक्ति में लीन हुआ नगर, दर्शनों के लिए लगा भक्तों का तांता



नरसिंहगढ़- सावन के तीसरे सोमवार पर पूरा शहर शिव की भक्ति में लेने नजर आया। सोमवार के मौके पर लाखों की तादात में श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव और पातालेश्वर छोटा महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया। सुबह से ही शिवालयों पर भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। देर शाम तक दूर दराज सहित आसपास क्षेत्र के करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन किए। देर शाम मंदिरों में बाबा भोलेनाथ का आकर्षक श्रंगार कर महा आरती संपन्न की गई। दिनभर दोनों प्रमुख महादेव मंदिर के अलावा जल मंदिर गुप्तेश्वर नादेश्वर महादेव, खजूर पानी शिवालयों पर भी भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।

### दर्जनों गांव से पहुंची कांवड़ यात्राएं

सावन सोमवार के मौके पर शहर में दिन भर कावड़ यात्राओं का दौर भी चला रहा। अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्र से करीब दर्जन पर कावड़ यात्राएं निकली। जिसमें शामिल श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों के जल से बाबा बैजनाथ महादेव का अभिषेक कर पुण्य लाभ लिया। कावड़ यात्राओं का स्थान स्थान पर विशेष स्वागत किया गया। खासकर प्रमुख छत्री चैराहे पर विधायक मोहन शर्मा के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा और फल वितरण कर यात्राओं का स्वागत किया।

डॉक्टर की कमियों व दूरदर्शिता का न होने से नवजात गवां रहे अपनी जान

# ऑक्सीजन की कमी से हुई नवजात शिशु की मौत! परिजनों के आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आए दिन लापरवाही सामने आती है ऐसा है एक मामला सोमवार को सामने आया जिसमें परिजन मांगीलाल नागर ने अस्पताल की अव्यवस्था पर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे पुत्रवधू की पहली डिलेवरी थी जिसको रविवार शाम 7 बजे खुजनेर अस्पताल में भर्ती किया डाक्टर बोले 2 घंटे बाद डिलेवरी होगी। रात करीब 1 बजे डिलेवरी हुई जिसमें बच्ची का जन्म हुआ तो डॉक्टर बोले बच्ची बोल नहीं रही इसको राजगढ़ रेफर करना पड़ेगा तो 2 घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार किया फिर निजी गाड़ी में ऑक्सीजन सिलेंडर को गाड़ी में रखा जिसमें गैस बिल्कुल भी नहीं थी जिसके बाद आधे घंटे बाद एंबुलेंस आई फिर बच्ची को राजगढ़ लेकर आया जहां बच्ची को मृत घोषित कर दिया। जब सीबीएमओ सुरेन्द्र मित्तल से 108 को लेकर शिकायत की तो बोले हमारी 108 की कोई जवाबदारी नहीं है ।ऑक्सीजन को लेकर कहा कि तुम्हे पहले ही राजगढ़ के लिए रेफर करना था इसका पूरा जिम्मेदार सीबीएमओ और प्रशाशन है।

### नहीं है कोई कमी

खुजनेर स्वास्थ केन्द्र पर ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में है बच्चा को ऑक्सीजन स्पॉट में ही रखा था बच्चे के परिजन को पहले ही बोल दिया था आपका बच्चा सीरियस है हाईरिस्क सेंटर पर ले जाए बच्चा को 108 में ऑक्सीजन स्पॉट में रखा राजगढ रेफर किया 4 बजे एडमिट होने के बाद सोमवार को 12 बजे बच्चा को मृत घोषित किया ऐसे में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं थी ।

**सीबीएमओ सुरेन्द्र मित्तल**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर

## नाले में एक व्यक्ति बहा

जीरापुर। समीपवर्ती ग्राम लक्ष्मणपुरा में नाले के तेज बहाव में एक व्यक्ति बह गया। जानकारी के मुताबिक लक्ष्मणपुरा निवासी सिद्धूलाल पिता मांगीलाल गवारिया (बंजारा) गांव के समीप स्टाफ डेम के नीचे निकलने वाले नाले में पानी के तेज बहाव में बह गया। चर्चा में सामने आया है कि वह मछली पकड़ने गया या बकरी चराने गया उसी दौरान नाले में पानी का तेज बहाव शुरू हो गया उसमें वह बह गया। गांव के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली जिसपर थाना प्रभारी रवि ठाकुर की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा नाले में बहने वाले व्यक्ति को खोजना शुरू किया लेकिन पता नहीं चलने पर राजगढ़ से पुलिस गोता खोर टीम बुलाई गई जिसके द्वारा रेस्क्यू जारी किया लेकिन शाम होने पर रेस्क्यू टीम वापस लोटी थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया सुबह पुनः टीम पहुंचेगी।

हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम

## उप जेलों में स्वास्थ्य परीक्षण हेपेटाइटिस पॉजिटिव 2 बंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जिले के नरसिंहगढ़ और सारंगपुर की उप जेलों में निरुद्ध बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर एचआईवी और हेपेटाइटिस की जांच की गई। जिला महामारी नियंत्रक डॉ महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि जिला आईसीटीसी केंद्र के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 148 बंदियों की जांच की गई जिसमें दो मरीज हेपेटाइटिस पॉजिटिव पाए गए। उक्त मरीजों का वायरल लोड करते हुए उनका बेसलाइन हेतु सैंपल कलेक्ट किया गया। इन शिविरों को जेल में लगाने का उद्धेश्य है कि एक सीमित वातावरण में इन बीमारियों के जोखिम को कम करना और प्रभावित मरीजों को समय पर उपचार देना शामिल है। शिविर में हेपेटाइटिस के विभिन्न प्रकारों जैसे ए,बी,सी,डी और ई के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर नरसिंहगढ़ सीबीएमओ डॉ. गौरव त्रिपाठी, सारंगपुर सीबीएमओ डॉ मनीष चैहान सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

## हिंदू उत्सव समिति ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, महिला मंडल ने सुहाग सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिद्धेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार को हरियाली तीज के अवसर पर महिला मंडल द्वारा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग का सामान भेंट किया। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी एवं अंजू मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नवगठित महिला मंडल के पदाधिकारियों को समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा एवं महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति सिद्धार्थ जैन नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर महिला मंडल की महामंत्री अनामिका पचौरी, भारती श्रीवास्तव, कुसुम मीना, कल्पना शर्मा, नीलम राजपूत, निधि सिकरवार उपस्थित रहीं।



विदिशा। नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते समिति अध्यक्ष।

### साहू समाज मंदिर में महिलाओं ने मनाया पर्व

कुरवाई। हरियाली तीज के अवसर पर शिव मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत रुद्राभिषेक से हुई। मंदिर को फूलों, वंदनवारों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। महिलाओं ने गीत-संगीत, झूला झूलना और मेहंदी रचाने की परंपरागत रस्में निभाईं। मंदिर प्रांगण में झूले लगाए गए थे, जिन पर महिलाएं लोकगीतों के साथ झूमती नजर आईं। स्थानीय कलाकारों ने हरियाली तीज से जुड़ी भजन संध्या एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किए। समापन पर पुजारी आचार्य अशोक महाराज ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे हर वर्ष मनाने का आग्रह किया।

### करणी सेना प्रदेशाध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष हर्ष राजपूत को नियुक्ति पत्र सौंपा



विदिशा। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर शिव प्रताप सिंह चौहान का विदिशा आगमन हुआ। उन्होंने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष हर्ष सिंह राजपूत को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कृष्णा गार्डन पर राजपूत समाज व सर्व समाज द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद वह कपूर पेपरडाइज गार्डन पहुंचे। जहां करणी सेना के पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देकर संगठन का विस्तार किया गया। विप्र समाज द्वारा नव नियुक्त अध्यक्ष को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में दशरथ सिंह राठौड़, बसंत सिंह बासौदा, शैलेंद्र सिंह टीला खेड़ी, राजाराम सिंह, गोविंद सिंह, गणपत सिंह पिथौली, जगदीश सिंह, सौरभ सिंह, श्यामवीर सिंह एवं अजीत सिकरवार मौजूद रहे।

बिल पास करने दलाल के मार्फत लिया करते थे रिश्वत

## गबन मामले में तत्कालीन ट्रेजरी अफसर पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




राजगढ़ जिला अस्पताल में फर्जी नियुक्ति एवं विभिन्न सामग्री क्रय करने के संबंध में करीब पौने 2 करोड़ के गबन का मामला सामने आया था। इस मामले में तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी आर.एल. गोलिया की भी संलिप्तता उजागर होने पर कोतवाली पुलिस ने उन पर भी धोखाघड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की है। उल्लेखनीय है कि सीधे-सीधे शासकीय राशि के दुरुपयोग एवं शासन से धोखाघड़ी के इस मामले में अब तक 7 आरोपियों पर अपराध पंजीबद्ध हो चुका है जिनमें से कुछ को जमानत भी मिल चुकी है। इन आरोपियों में शामिल पार्षद राजेश खरे से हुई पूछताछ में उन्होंने बताया कि कोषालय अधिकारी गोलिया बिल पास करवाने के एवज रिश्वत की मांग करते थे। साथ ही रिश्वत की राशि भोपाल निवासी नीरज गुप्ता नाम के व्यक्ति के खाते में रुपए ट्रांसफर करवाते थे। नीरज गुप्ता दलाल के रूप में काम करता था एवं उसके खाते में रिश्वत की राशि पहुंचने के बाद ही कोषालय से बिल पास होते थे। इन बयानों के उपरान्त पुलिस ने तत्कालीन टेजरी अधिकारी गोलिया पर भी एफआईआर दर्ज की है।

### 2016 से चल रहा था यह संगठित षणयंत्र

जिला अस्पताल में सफाईकर्मियों के वेतन भुगतान में अनियमितताओं और फर्जी भर्ती करने वाली प्रथम नेशनल सिक्योरिटी कंपनी द्वारा टेंडर की शर्तों का उल्लंघन करते हुए बायोमैट्रिक अटेंडेंस में कूटरचना कर फर्जी खातों में भुगतान दिखाकर गबन करने का गोरखधंधा वर्ष 2016 से चल रहा था। वित्तीय वर्ष 2022 से 2024 के बीच प्रथम नेशनल कंपनी हाउसकीपिंग व सामानों के क्रय पर 1 करोड़ 26 लाख 41 हजार का भुगतान दर्शाया। इस राशि में से सिर्फ 22 लाख के करीब ही वास्तविक भुगतान किया गया है। इस तरह करीब 1 करोड़ 4 लाख की राशि का गबन कर लिया गया। इसी तरह साल 2024-25 में 61 लाख 64 हजार के लगभग का भुगतान दर्शित किया गया जिसमें से महज 7 लाख 73 हजार ही सही भुगतान किया गया एवं 53 लाख 91 हजार रुपए का गबन कर लिया गया।

ग्रामीण जनसमुदाय में आक्रोश

## पड़ाना में कीटनाशक खाने से तीन गायों की हुई मौत

### दुकानदार की लापरवाही सामने आई



सारंगपुर। समीप गाव पड़ाना कस्बे में सोमवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। कीटनाशक खाने से तीन गायों की मौत हो गई और चार अन्य गायें गंभीर रूप से बीमार हो गईं। कुछ लोग यह हादसा एक स्थानीय दुकानदार की लापरवाही के कारण जबकि अन्य ग्रामीण खेतों में छिड़के गए कीटनाशक के कारण हुआ बता रहे है। स्थानीय नागरिक हरि धनगर और ओम परमार सहित कुछ लोगों का आरोप है कि कस्बे के एक व्यापारी ने रविवार रात दुकान बंद करने के बाद कीटनाशक और बीज से भरे कार्टून अपनी दुकान के बाहर खुले में छोड़ दिए थे। रात के समय सड़क पर घूम रही गायों ने यह जहरीला सामान खा लिया। सुबह तक 7 गायें बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं। इनमें से दो की रात में ही और एक की सुबह मौत हो गई। घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने दुकानदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


72 घंटे से अनवरत जारी है मूसलाधार बारिश

# बारिश के कारण जिले के स्कूल के साथ आंगनबाड़ियों में भी रहा अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सम्पूर्ण जिले में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश का दौर अनवरत जारी है। सोमवार को भी मुख्यालय सहित अन्य शहरों व क्षेत्रों में पूरे दिन कभी रुक-रुककर तो कभी तेज मूसलाधार रूप से बारिश होती रही।

ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक अवकाश घोषित किया है। हालांकि, यह अवकाश सिर्फ विद्यार्थियों के लिए रहेगा एवं शिक्षकों को निर्धारित समय पर स्कूल पहुंचकर पेंडिंग कार्यालयीन कार्य निपटाने होंगे। उल्लेखनीय है कि लगातार हो रही बारिश के चलते ग्रामीण अंचलों के अनेकों स्कूल परिसरों में



कार्यालय कलेक्टर जिला राजगढ़ म.प्र.
क्रमांक/शिक्षा/सामा–1/2025/3018 राजगढ़ दिनांक 28/07/2025

आदेश

जिला राजगढ़ अन्तर्गत अत्यधिक वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से जिले की **कक्षा नर्सरी से कक्षा** 12 तक समस्त शासकीय एवं अशासकीय (CBSE/ICSE) सहित समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों के लिए दिनांक 29.07.2025 को अवकाश घोषित किया जाता है । शिक्षक यथावत शाला में उपस्थित रहेंगें ।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

पृ0 क्रमांक/सामा–1/2025/3019 राजगढ़ दिनांक 28/07/2025

प्रतिलिपि–
1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0 भोपाल ।
2. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ ।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल।
5. जिला शिक्षा अधिकारी जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
6. समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला राजगढ़ ।
7. जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान राजगढ़।
8. जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला राजगढ़ ।
9. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी.जिला राजगढ़ ।
10. समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र राजगढ़ ।
11. समस्त संकुल प्राचार्य शा0उमावि0 ..................जिला राजगढ़ की ओर भेजकर लेख है कि अने अधीनस्थ आने वाले विद्यालयों में निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
12. समस्त संस्था प्राचार्य /प्र0अ0 शा0उमावि0 शासकीय एवं अशासकीय/ CBSE/ ICSE जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

पानी भरा चुका है।

### समस्त आंगनबाड़ियों में भी अवकाश घोषित

शिक्षा विभाग के साथ ही महिला बाल विकास के अंतर्गत आ रही जिले की समस्त आंगनबाड़ियों में भी 29 जुलाई के एक दिवसीय अवकाश की घोषणा की गई। डीपीओ द्वारा जारी आदेश के तहत अवकाश दिवस में आंगनबाड़ी केंद्र पर हितग्राहियों को नहीं बुलाया जाएगा। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं केंद्रों पर उपस्थित रहकर रिकार्ड संधारण सहित अन्य पेंडिंग कार्यों को पूर्ण करेंगी।

### मोहनपुरा बांध के 6 गेट खोले गए

अनवरत हो रही बारिश के चलते रविवार को मोहनपुरा बांध के 4 गेट खोले गए थे। इसके बाद भी बांध में पानी के लगातार बढ़ते जल स्तर को देखते हुए सोमवार दोपहर 2 गेट और खोल दिए गए। बांध प्रबंधक अशोक दीक्षित ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर और गेट खोले जा सकते हैं।

अधिकारियों को निर्देश

## कलेक्टर और एसपी ने किया जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण



राजगढ़। जिले में अनवरत हो रही बारिश को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सोमवार को राजगढ़ में नेवज नदी की छोटी पुलिया, खिलचीपुर के सोमवारिया पुल, मोहनपुरा डेम, ब्यावरा में अजनार नदी समीप अस्पताल रोड़ के जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेरीकेटिंग, पुल पर पानी होने की दशा में आम आवाजाही बंद करवा दी जाए। इसके साथ ही नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों के अमले को अलर्ट रहने निर्देशित किया गया। ब्यावरा में अजनार नदी का पानी घरों में भराने की संभावनाओं को दृष्टिगत राहत शिवरों में आमजन को शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले के आमजन से अपील की है पुल-पुलियाओं पर पानी होने की स्थिति में कोई भी उन्हें पार न करें। साथ ही जल भराव वाले क्षेत्र में न जाए। उन्हों ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर हैं।

खबर संक्षेप

## विधायक ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**आष्टा।** विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने आज 100 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रही, नया रूप और आकार ले रही आष्टा की नवीन कृषि उपज मंडी में लगभग 5 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के पूर्व विधायक ने एक करोड़ 50 लाख की लागत से बनने वाले इनफॉरमेशन एंड हेल्थ सेंटर कृषक विश्रामगृह भवन निर्माण, 56 लाख 34 हजार की लागत से नाली निर्माण कार्य, 1 करोड़ 69 लाख 83 हजार की लागत से सीसी कार्य, 1 करोड़ 30 लाख की लागत से होने वाले वाह्य बिधुत कार्य कुल 5 करोड़ से अधिक एक की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि 2014 के बाद देश में जब से नरेंद्र मोदी की सरकार आई तथा मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार वर्तमान में डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में जो कार्य कर रही है दोनों ही डबल इंजन की सरकार में देश से लेकर प्रदेश एवं ग्राम पंचायत स्तर तक विकास के कार्यों का इतिहास लिखा जा रहा है। भाजपा की नीति केवल विकास की नीति है,वही कांग्रेस के शासन में देश और प्रदेश का केवल विनाश ही हुआ है। विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में लगभग 500 करोड रुपए के विकास कार्य चल रहे है। विकास कार्यों में आष्टा नगर में 65 करोड रुपए की लागत से सांदीपनी स्कूल बनकर तैयार है, वही जावर में 35 करोड़ की लागत से सांदीपनि स्कूल बनकर तैयार हुआ है।

### प्रबंधन की लापरवाही के कारण आए दिन स्कूल में हो रहीं मारपीट की घटनाएं

# हिंदू संगठनों और पालकों का धरना प्रदर्शन संदीपनि के प्राचार्य को हटाने की मांग की

सांदीपनि विद्यालय के सामने बरसते पानी में हिंदू संगठन, पालकों ने नारेबाजी कर किया धरना प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मंगलवार सुबह 10 बजे से आष्टा के भोपाल नाके के पास स्थित सांदीपनि सीएम राइस स्कूल के गेट के सामने बरसते पानी में हिंदू जागरण मंच सहित हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और पालकों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है धरना प्रदर्शन में हिंदू संगठनो के पदाधिकारी,पलकों की मांग है कि आए दिन स्कूल में बाहरी तत्व घुस जाते हैं और हर किसी छात्र के साथ मारपीट कर चले जाते हैं स्कूल प्रबंधन ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की सभी संगठनों की मांग है कि मारपीट करने वाले पर ठोस कार्रवाई की जाए साथ ही स्कूल के प्राचार्य सीतवत खान को हटाया जाए स्कूल में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाए।



### छात्रों के बीच में मारपीट होती रहती

बता दे की संदीपनी स्कूल में मारपीट का यह कोई पहला मामला नहीं है यहां पर हर दो चार दिन में छात्रों के बीच में मारपीट होती है और अब तो बाहरी तत्व भी आकर मारपीट कर चले जाते हैं यहां तक के स्कूल प्रबंधन ने अभी तक किसी भी घटना में ठोस कार्रवाई नहीं की अगर ठोस कार्रवाई हो जाती तो आज धरना प्रदर्शन नहीं करना पड़ता किसी मामले में आपसी समझौता तो किसी में समझाइए देकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है लेकिन अब कल छात्रों में हुई मारपीट ने बड़ा मामला ले लिया है यही कारण है कि आज हिंदू जागरण मंच सहित अन्य हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और पालकों के द्वारा स्कूल के गेट पर धरना दिया जा रहा है उनकी एक ही मांग है कि मारपीट करने वाले छात्रों पर ठोस कार्रवाई की जाए और स्कूल के प्राचार्य सीतवत खान को हटाया जाए साथ ही स्कूल के अंदर और गेट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाए सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाए।

### लगातार बढ़ रही छात्रों के साथ घटनाएं

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया है कि संदीपनि विद्यालय ब्लॉक का सबसे अच्छा विद्यालय है लेकिन यहां पर आए दिन छात्रों के साथ मारपीट की घटनाएं हो रही है और कुछ घटना है तो बाहर के तत्व मारपीट कर चले जाते हैं और अभी तक स्कूल प्रबंधन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की की आगे से ऐसी घटना ना हो इसलिए छात्रों के साथ मारपीट घटना करने वाले तत्वों पर कठोर कार्रवाई के साथ ही स्कूल के प्राचार्य को भी हटाया जाए और यहां पर पुलिस जवान तैनात किए जाएं। इस मामले में आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि संदीपनी विद्यालय में मारपीट करने वाले छात्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और कार्रवाई की जा रही है। इधर संदीपनि विद्यालय के प्राचार्य सीतवत खान ने बताया कि कल छात्रों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी पालकों को बुलाकर समझा दिया था कि अगर आगे से मारपीट की घटना हुई तो मारपीट करने वाले छात्र स्कूल से बाहर किया जाएगा। स्कूल में बेहतर शिक्षा मिले यही प्रयास है, सुरक्षा व्यवस्था भी अच्छी की गई है यहां पर तीन गार्ड तैनात है मैं खुद भी भ्रमण करता हूं।



### धरना प्रदर्शन में यहां भी हुए शामिल

धरना प्रदर्शन में हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष कालू सोनी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ,राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष सहित अनेक हिंदू संगठन के पदाधिकारी, पलकगण शामिल हुए।

# बारिश के चलते लोगों का बाहर निकलना मुश्किल

### खेतों में भराया बारिश का पानी



**आष्टा।** बारिश के कारण नगर की अधिकतर सड़के हो गई जर्जर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मंगलवार की शुरुआत भी तेज बारिश से हुई रात भर से भी बारिश हो रही है जिसके चलते चारों ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है इधर खेतों में पानी भरा हुआ है। आज सुबह 8 बजे तक बारिश 4 मिलीमीटर , अभी तक कुल बारिश 402 मिलीमीटर ,गत वर्ष कुल बारिश 543 मिलीमीटर हुई है। बता दे की बीते 5 दिनों से आष्टा ब्लॉक के जावर, सिद्धिगंज, खाचरोद, कोठरी ,मेहतवाड़ा क्षेत्र में तेज बारिश का दौर जारी है बारिश से कई निचले इलाकों में जलभराव भी हो गया है तो वहीं कई गांव में सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी उठाना पड़ रही है।

### कभी तेज तो कभी धीमी होती रही बारिश

सावन महीने की शुरुआत बारिश से हुई है। इसके बाद क्षेत्र में लगातार बारिश का दौर जारी है। सोमवार रात झमाझम बारिश हुई जो की मंगलवार सुबह भी जारी रही। बीते 24 घंटे से बारिश रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। लगातार बारिश से खेतों में भी पानी भर गया है। बारिश के कारण खेतो में पानी भरने से किसान फसलों के खराब होनी की चिंता से चिंतित नजर आ रहे है।

### कॉलोनी में सड़क नहीं होने से हुआ कीचड़

नागरिक अखिलेश धनगर, महेश मेवाड़ा ने आष्टा की मुगली रोड, कन्नौद रोड ,सेमिनरी रोड ,पुराना भोपाल इंदौर मार्ग और भोपाल इंदौर बायपास मार्ग की 10 से 12 कॉलोनी में रोड नहीं होने से लोगों को कीचड़ और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है लगातार बारिश से रोड नहीं होने कारण कीचड़ में से लोगों को निकलना पड़ रहा है दो पहिया वाहन कई बार फस जाते हैं। दरगाह के पास पीएम आवास कॉलोनी में भी रोड नहीं होने कारण बारिश के कारण कीचड़ हो गया है फिसलन होने से वाहन फिसल रहे हैं कई बार यहां के लोगों ने वार्ड पार्षद सहित नगर पालिका अध्यक्ष को बता दिया लेकिन अभी तक मात्र आश्वासन ही मिला है। मौसम विशेषज्ञ एस एस तोमर ने बताया है कि अभी मौसम ऐसा ही रहेगा। बीते 24 घंटे तक तो तेज बारिश रहेगी। उसके बाद कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश होती रहेगी। बारिश के कारण नदी नालो में पानी आजाने से लोग इसे पार न करे, यह खतरनाक हो सकता है।

# कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ प्रदान करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गत दिनों आष्टा नगर में पार्वती पुल अटल सेतु के लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यो के भूमिपूजन करने पधारे नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गी को नगरीय निकायों वर्षो से लंबित नियमितीकरण की मांग को लेकर नगरपालिका आष्टा के अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अध्यक्ष आशीष बैरागी द्वारा अपने कर्मचारी साथियों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचकर मंत्री श्री विजयवर्गीय को मांग पत्र सौंपा और जानकारी दी है कि निकायों में 10 से 15 वर्षो से दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी पूरी लगन से कार्य कर रहे है, किंतु आज तक उन्हें नियमित नही किया गया है। वहीं शासन की कोई भी जनकल्याणकारी योजनाएं हो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी ही उसे सार्थक करते है। शासन स्तर से कई बार विभिन्न पत्रों के माध्यम से कर्मचारियों की जानकारी चाही गई, किंतु कोई ठोस पहल अभी तक नही हुई है। ज्ञापन में उल्लेख है कि वर्षो से लंबित आदेश का पालन शीघ्र कर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण योजना का लाभ प्राप्त हो सकें।

## भारतीय जनता पार्टी के राज में निरंकुशता और तानाशाही चरम पर है: राजीव गुजराती



**आष्टा।** विगत कई दिनों से सड़क की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्राम खेड़ापुरा मेहतवाड़ा के ग्रामीणों के बिच जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने पहुंचकर ग्रामीण जनों की मांग का समर्थन किया और मांगो को न्यायोचित बताते हुए शासन प्रशासन से जल्द निराकरण की मांग की साथ ही श्री गुजराती ने स्थानीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के वायरल ऑडियो की निंदा करते हुए कहा की विधायक की भाषा - अमर्यादित और असंसदीय है उनकी भाषा में दम्भ झलकता है जो लोकतंत्र के लिए कतई ठीक नहीं है इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद ठाकुर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिंह पहलवान, वरिष्ठ नेता घनश्याम जांगड़ा, संदीप सिंह ठाकुर, रामचरण दवारिया, करण भरेवा, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर जीवनराज द्रविड़ सहित अनेको ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# महादेव की पालकी यात्रा का होटल व्यापारी संघ ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




श्रावण मास के तीसरे सोमवार को नगर में भव्य रूप से भगवान महादेव की पालकी निकाली गई। भगवान महादेव को पालकी में विराजित कर ढोल, बाजे,एवं नगाड़ों की करतल ध्वनि से नगर भ्रमण कराया गया। पालकी का अनेकों सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों द्वारा जगह जगह पर स्वागत किया गया इसी तारतम्य में नगर के खंडेलवाल चौराहे पर होटल व्यापारी संघ ने विशाल मंच बनाकर भगवान महादेव की पालकी का भव्य स्वागत किया। आतिशबाजी की गई। पालकी में शामिल भक्तों पर पुष्प वर्षा कर सम्मान किया। भगवान भोलेनाथ की पालकी में शामिल आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट, सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नगर महामंत्री मोहित सोनी, जिला भाजपा मिडिया प्रभारी सुशील संचेती, नगर मिडिया प्रभारी प्रवेश शर्मा, पत्रकार राजीव गुप्ता, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, पार्षद रवि शर्मा, तेज सिंह राठौर, पंकज राठी, सुमित मेहता, शैलू मेहता, गणेश सोनी, धरम सोनी, मोनू साहू, पवन वर्मा, निलेश खंडेलवाल सहित सकल समाज सदस्यों, पत्रकारों एवं तुलसी मानस मंडल का स्वागत होटल व्यापारी संघ अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल, कोषाध्यक्ष मुकेश जैन, महामंत्री दिलीप वशिष्ठ एवं वरिष्ठ धनरूपमल जी जैन के संरक्षण में संपन्न हुआ। साथ ही होटल व्यापारी संघ के सदस्यों द्वारा पालकी में उपस्थित भक्तों को प्रसादी वितरण की गई। जिसमें प्रमुख रूप से उज्जवल जैन, मनोहर मेवाड़ा, पवन श्री श्री माल, अर्जुन प्रजापति, अमरीश नायक, महेश राठी, मुकेश मेवाडा, उत्थान धारवा, अमित गुरु, शालेन्द्र राठौड़, दीपक मेवाडा, नरेश खत्री, नरेश लखानी, हर्ष राठौर, कैलाश गुर्जर, अमन जैन, कुणाल राय, सूरज यादव, पवन यादव, किशोर वशिष्ठ, लोकेंद्र वशिष्ठ, संजय वशिष्ट, सोनू प्रजापति, पंकज नाकोड़ा, प्रकाश कुशवाहा, शुभम जैन ,पवन यादव बाबूलाल मेवाड़ा, स्वरूप जी, शुभम जैन, सुमित भूतिया, मोनू प्रजापति, महेश वर्मा, सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थे। मंच के सामने आई पालकी का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, रायसिंह मेवाडा की विशेष उपस्तिथि में होटल व्यापारी संघ के अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल सहित सभी सदस्यो ने बाबा महांकाल की आरती, पूजन कर सभी ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## टिकोन वाले गुरुजी का किया स्वागत



**आष्टा।** नलखेड़ा के पास स्तिथ टीकोन धान जो की जन जन की आस्था का केंद्र है। टिकोन धाम से धाम प्रमुख टिकोन वाले गुरुजी का आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के कार्यालय पर गुरु जी का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने स्वागत सम्मान कर विधायक जी ने गुरुजी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर टिकोन वाले गुरुजी के भक्त पंकज राठी,सुमित मेहता,राहुल डाबी,महेंद्र इंजीनियर,वीरेंद्र ठाकुर आदि ने भी गुरुजी का स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

## 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ दादा का जन्म कल्याण का महोत्सव मनाया



**जावर।** महिदपुर रोड गिरनार के अधिपति 22वें तीर्थंकर बाल ब्रह्मचारी जीव दया प्रतिपालक नेमिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव श्रावण सुदी पंचमी मंगलवार को सकल जैन श्री संघ एवं अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला परिषद महिदपुर रोड द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला परिषद द्वारा दोपहर में 1:30 बजे श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर में पंचकल्याणक पूजा का आयोजन महिला परिषद द्वारा किया गया जिसमें सुमधुर भजन गिरनार के निवासी तुम्हें वंदन बार-बार, मारा नेम नेम, यह है पावन भूमि यहां बार-बार आना सू मधुर भजन एवं संस्कृत के श्लोकों के माध्यम के साथ संगीतमय भक्ति गीतों के साथ पढ़ाई गई ।2 घंटे चली पूजन महिलाओं ने भक्ति विभोर होकर परमात्मा के सामने गरबा नृत्य किया साथ ही सभी महिलाओं ने एक दूसरे को प्रभु जन्म की बधाई दी।

### इनरव्हील क्लब ने मनाया सैनिकों के साथ रक्षाबंधन

# सीमा पर तैनात फौजी भाइयों के लिए भेजी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सनातन परंपरा में प्रमुख त्योहारों में से एक रक्षाबंधन का पर्व बड़े भाव से बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांध मानती है। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी इनरव्हील क्लब द्वारा कन्नौद रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में रक्षाबंधन पर्व मना कर सैनिकों का सम्मान किया। सर्वप्रथम क्लब की सदस्यों द्वारा भारतीयों सैनिकों का पुष्प वर्षा कर आयोजन में आगमन कराया गया जिसके बाद भारत माता की पूजन कर राष्ट्रगान किया गया तत्पश्चात इनरव्हील प्राथना कर क्लब के उद्देश्यों से रूबरू कराया गया।

इसके बाद इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष संगीता सोनी ने स्वागत भाषण दिया जिसमें उन्होंने कहा किआज इनरव्हील क्लब की ओर से हम सभी के लिए यह एक अत्यंत भावनात्मक और गर्व का क्षण है। रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, सुरक्षा और स्नेह का प्रतीक है। और जब बात हमारे देश के वीर जवानों की हो—जो अपनी जान की परवाह किए बिना हमारी रक्षा करते हैं—तो यह बंधन और भी पावन हो जाता है।इस वर्ष हमारा क्लब न केवल अपने शहर में सैनिक भाइयों के साथ रक्षाबंधन मना रहा है, बल्कि हम अपनी बहनों की भावना और प्रेम को सीमाओं तक भी भेज रहे हैं। हर एक राखी में न केवल धागा है, बल्कि हमारे दिल की दुआएँ, सम्मान और कृतज्ञता भी बंधी हुई है। आपके बलिदान, आपकी निष्ठा और आपकी सेवा को हम सलाम करते हैं। यह हमारा छोटा-सा प्रयास है, आपको यह बताने के लिए कि आप अकेले नहीं हैं—पूरा देश आपके साथ है, और हर बहन की राखी आपके नाम है। क्लब की सदस्यों द्वारा सभी पधारे सैनिकों को रखी बांध रक्षाबंधन का पर्व मनाया जिसके बाद देशभक्ति गीतों ने समा बांधा। वही सैनिकों द्वारा कारगिल विजय दिवस के मौके पर उद्बोधन दिया बाद कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, अंत में राष्ट्रगान कर जयघोष किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। आयोजन के बाद सभी ने भोजन ग्रहण किया। अंत में आभार सचिव दीपिका सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सैनिकों में राम सिंह जावरीय, विजेंद्र सिंह ठाकुर, सुंदरलाल वर्मा, प्रेम सिंह धनवाल, ज्ञानसिंह सोनानिया, किशन मेवाड़ा, बलराम सिंह वर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, रामसिंह वर्मा, ब्रह्मसिंह मेवाड़ा, राहुल छनगया, संतोष शर्मा, घनश्याम विश्वकर्मा, मंगलेश वर्मा, मानसिंह वर्मा, मनोहर सिंह मेवाड़ा, राकेश कुमार मेवाड़ा उपस्थित रहे वही इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष संगीता सोनी, सचिव दीपिका सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, कोषाध्यक्ष श्रद्धा पालीवाल, एडिटर अर्चना सोनी, आईएसओ जयश्री शर्मा, हेमलता सोनी, सरोज पालीवाल, सुधा सेठिया, विद्या खंडेलवाल, गीता सोलंकी, रीना शर्मा, जया वोहरा, आशा सोनी, जुली वैष्णव, आरती शर्मा, सुनिता नागर, मंदाकिनी कासलीवाल उपस्थित रही।

# पार्वती नदी से शुरू हुई कलश यात्रा शिव मंदिरों में किया जल अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



पार्वती नदी शंकर मंदिर से कलश यात्रा बैंड बाजे डीजे के साथ ग्राम की माता बहने अपने सिर पर कलस लेकर ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए नाचते गाते बड़े धूमधाम से निकली गई। कलश यात्रा पार्वती नदी से प्रारंभ होकर ग्राम बस स्टैंड, पुराना थाना रोड, चमन चौराहा, बड़ा बाजार, छोटा बाजार, बावड़ी चौक, गाड़ी मंदिर, पहुंचे। जहां पर पशुपति महादेव का जल अभिषेक बड़े धूमधाम से किया गया। कलश यात्रा में महेंद्र सिंह ठाकुर, श्री राम राठौर, अरुण श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, रिंकू ठाकुर, राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ भगवान सिंह गुर्जर, अनिल राठौर, राजेंद्र पंडित, रेवाराम पटवा, नंदकिशोर बागवान, नरेन्द्र राठौर, कमल सिंह ठाकुर, मांगीलाल राठौर, सुरेंद्र राठौर, आदि ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में ग्राम की माता बहने उपस्थित रहे। वही ग्राम सिद्धि गंज में प्राचीन भगवाई माता मंदिर में सुबह से ही भक्त की भीड़ लगी हुई थी। भगवान भोलेनाथ के मंदिर में आसपास के गांव के लोग भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचे। भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ काजल अभिषेक कर भगवान भोलेनाथ को फूल बिलपत्र मिठाई दुब दूध आदि चढ़ाएं वही मां पार्वती उद्गम स्थल गोविंदपुर से कावड़ यात्रा निकली गई। यात्रा गोविंदपुरा पार्वती नदी उद्गम स्थल से प्रारंभ होकर ग्राम बरखेड़ी पहुंची। जहां पर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया गया। पूर्व सरपंच जय सिंह, धर्म सोनी, गजराज सिंह ठाकुर अशोक राठौर, जगन्नाथ सिंह, हरि सिंह, कैलाश, दीपक शर्मा कन्हैयालाल मंदिर पुजारी, अंबाराम गोविंदपुरा आदि समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे मां पार्वती उद्गम स्थल पर बड़े धूमधाम से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई।